TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

06 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मनुष्य महान बनता है अपने कर्मों से न कि जन्म से।

डॉ.भीमराव अम्बेडकर



राकेश कुमार

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

## जॉन डाल्टन का जन्म 6 सितंबर




जॉन डाल्टन एक मशहूर ब्रिटिश वैज्ञानिक थे उन्हें परमाणु सिद्धांत का जनक कहा जाता है। उन्होंने ही दुनिया को बताया था कि कोई भी पदार्थ बेहद छोटे कणों से बना होता है, और उसे एटम्स या अणु कहा जाता है। 1803 में उन्होंने अपने परमाणु सिद्धांत को दुनिया के सामने पेश किया था। विज्ञान की दुनिया में यह एक बहुत बड़ी खोज थी।कलर ब्लाइंडनेस जैसी बीमारी की खोज उन्होनें ही की थी। डाल्टन का जन्म 1766 में इंग्लैंड के एक गरीब जुलाहा परिवार में हुआ था। 12 वर्ष की आयु में उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपनी जीविका शुरू की। 7 साल बाद वह एक स्कूल के प्रिंसिपल बन गए। सन 1793 में जान कॉलेज में गणित, भोतिकी एवं रसायन शास्त्र पढ़ने के लिए मैनचेस्टर चले गए। वहां पर उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय शिक्षक एवं शोध कार्य में व्यतीत किया। सन 1803 में इन्होंने अपने परमाणु सिद्धांत को प्रस्तुत किया जो द्रव्यों के अध्ययन के लिए एक महत्वपूर्ण सिद्धांत साबित हुआ।

जयंती विशेष 06 सितंबर

# जॉन डाल्टन

## प्रसिद्ध वैज्ञानिक



इंग्लैंड के ईगल्सफील्ड के शांत, हरे-भरे आलिंगन में 6 सितम्बर, 1766 को एक परिवर्तनकारी मस्तिष्क का जन्म हुआ। जॉन डाल्टन, अग्रणी भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ, जिनके विचारों ने प्राकृतिक विश्व के बारे में हमारी समझ को नया रूप दिया, 27 जुलाई, 1844 को इस पृथ्वी को छोड़ गए, लेकिन उनकी विरासत वैज्ञानिक अन्वेषण के ताने-बाने में आज भी कायम है।


राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर




## वनडे क्रिकेट में **10** हजार रन बनाने के साथ **100** विकेट लेने वाले खिलाड़ी

| PLAYER | MAT | RUNS | WKTS |
|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 463 | 18426 | 154 |
| सनथ जयसूर्या | 445 | 13430 | 323 |
| जैक कैलिस | 328 | 11579 | 273 |
| सौरव गांगुली | 311 | 11363 | 100 |
| क्रिस गेल | 301 | 10480 | 167 |
| तिलकरत्ने दिलशान | 330 | 10290 | 106 |



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **06.09.2025**

## नुक्कड़ नाटक

नुक्कड़ नाटक सार्वजनिक स्थानों जैसे चौराहों, बाज़ारों और पार्कों में प्रस्तुत किया जाने वाला एक नाट्य प्रदर्शन है जिसका उद्देश्य सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर लोगों में जागरूकता पैदा करना और संदेश पहुँचाना है. इसे बिना मंच और विशेष साज-सज्जा के, प्राकृतिक आवाजों और अभिनय के बल पर, कम समय में बड़ी भीड़ को आकर्षित करके किया जाता है. यह शिक्षा, गरीबी, पर्यावरण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को सोचने और बदलाव के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी और रचनात्मक माध्यम है।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**राजस्थान के माउंट आबू में एशिया की सबसे बड़ी सौर भट्टी स्थापित है, जो केवल सूरज की किरणों से 3000°C से अधिक तापमान पैदा करती है! इस तकनीक से धातु और कांच आसानी से पिघलाए जाते हैं-न कोयले की ज़रूरत, न प्रदूषण, न कार्बन उत्सर्जन, बस शुद्ध सौर ऊर्जा से औद्योगिक कार्य पूरे होते हैं।**

# पद्य पंकज

“

वियोगी होगा पहला कवि,
आह से उपजा होगा गान।
निकल कर आंखों से चुपचाप,
बही होगी कविता अनजान।।

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता

# शरत चन्द्र बोस

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

Madhu priya

6 सितंबर 1889-20 फरवरी 1950

www.teachersofbihar.org